sion of sea foods; and (d) delayed ripening of fruits.

Several improved varieties of crop plants like groundnut mustard, til, rice, tur, moong, jute and sugarcane have been developed after exposing seeds to radiation. Two groundnut varieties have already been released for cultivation and other varieties are at different stages of testing.

(c) and (d). Clearance from the health and safety angle has been sought from the Ministry of Health for the use of radiation for preservation of wheat and potatoes. This is awaited.

अर्थशास्त्र, समाज-विज्ञान में अनुसंधान करने और योजनाएं तैयार करने के लिए विशेषज्ञ समिति

11072, श्री गंगा भक्त सिंह : क्या योजना मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अर्थशास्त्र/समाज विज्ञान आदि में अनुसंधान करने के लिए मंत्रालय में एक समिति का गठन किया गया है और समिति सरकार को स्वतंत्र सलाह देती है और योजनाएं भी तैयार करती है ;

(ख) यदि हां, तो क्या समिति में अपने क्षेत्र का अनुभव रखने वाले अधिकारियों को शामिल करने की बजाये अनुभवहीन आई० ए० एस० अधिकारियों को शामिल किया गया है ;

(ग) यदि हां, तो 31 मार्च, 1979 को ऐसे अधिकारियों की संख्या कितनी थी और उनमें से कितने अधिकारियों को अनुभव प्राप्त था तथा कितने आई० ए० एस० अधिकारी थे ; और

(घ) क्या सरकार का विचार इन पदों पर विभागीय अनुभवी अधिकारी नियुक्त करने का है ?

योजना मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री फ़ज़लुर-रहमान) : (क) जी, नहीं । तथापि योजना आयोग ऐसी सामाजिक-आर्थिक समस्याओं से सम्बन्धित अनुसंधान अध्ययनों को प्रायोजित करता है और उनकी वित्त-व्यवस्था करता है जिनका योजना के निर्माण और कार्यान्वयन पर प्रत्यक्ष प्रभाव होता है । ऐसे अनुसंधान अध्ययन प्रतिष्ठित विद्वानों और अनुसंधान संस्थानों को सौंपे जाते हैं । योजना आयोग की वार्षिक रिपोर्टों में, जो बजट सत्र में संसद सदस्यों को परिचालित की जाती हैं, आयोग द्वारा अनुमोदित अध्ययनों के बारे में सूचना दी जाती है ।

(ख) से (घ). प्रश्न उपस्थित नहीं होते ।

विभिन्न राज्यों की वार्षिक योजनाओं में वृद्धि

11073. श्री गंगा भक्त सिंह : क्या योजना मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि विभिन्न राज्यों और वर्ष 1978-79 के लिए संघ राज्य क्षेत्रों की वार्षिक योजना में वर्ष 1978-79 की वार्षिक योजना की तुलना में 2 प्रतिशत वृद्धि हुई है ; और

(ख) यदि हां, तो उक्त मामूली वृद्धि के सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की गई है और वार्षिक योजना का राज्यवार ब्यौरा क्या है ?

योजना मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री फ़ज़लुर-रहमान) : (क) और (ख). राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के लिए 1979-80 के लिए अनुमोदित योजना परिव्ययों में समग्र रूप से 1978-79 के लिए योजना परिव्ययों से लगभग 2 प्रतिशत की वृद्धि दिखाई देती है । तथापि 1978-79 के लिए परिव्ययों में व्यय के लगभग 829 करोड़ रु० को 1979-80 में योजनेतर विकास परिव्यय के रूप में वर्गीकृत "आश्वासन दिए गए व्यय' के रूप में माना जा रहा है । इस आश्वासन दिए गए व्यय के आंकड़ों को ध्यान में रखते हुए, 1979-80 में राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में विकासात्मक प्रकार के सहमत परिव्ययों में पिछले वर्ष से 18.4 प्रतिशत की वृद्धि दिखाई देती है ।

11-30 hrs

श्री लालू प्रसाद (छपरा) : अध्यक्ष जी, बिहार के खगड़िया मण्डल के छिनकौरी गांव में हरिजनों के घर जला दिए गए हैं—यह खबर अखबार में छपी है । इस पर काल-एटेन्शन भी दिया गया था . . (व्यवधान). .

श्री रामविलास पासवान (हाजीपुर) : अध्यक्ष जी, हम ने कल काल-एटेन्शन दिया है— बिहार के खगड़िया मण्डल के अन्तर्गत अलौली प्रखण्ड के छिनकौरी गांव को, जहां सब हरिजन आबादी थी, पूरे गांव को जला दिया गया है . . (व्यवधान). .

MR. SPEAKER: Order, order. I am on my legs. The Calling Attention came late.

श्री मोहन लाल पिपिल (खुर्जा) : सारे गांव को तबाह कर दिया गया है, यह पासवान जी की जन्मभूमि है...

श्री विनायक प्रसाद (सहरसा) : हमने कल ही काल-एटेन्शन दिया था . . .